पुस्तकालय

3357
24/7/14

सत्यमेव जयते

18 JUL 2014

असंशोधित

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

### (भाग–1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

676—12/07/14

बि०स०मु०(एल०ए०वादवृत्त),183–मो०एल०–1,500

तारांकित प्रश्न संख्या- 1051

(प्रश्नकर्त्ता सदस्य अनुपस्थित)

तारांकित प्रश्न संख्या- 1052

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव(मंत्री):1-स्वीकारात्मक है।

2-स्वीकारात्मक है।

3-चानन(मननपुर) विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण का कार्य मेसर्स श्यामा पावर द्वारा पूर्ण किया जा चुका है जबकि उससे संबंधित 33 एवं 11 के0भी0 लाईन के निर्माण का कार्य मेसर्स सुप्रीम एंड कम्पनी के द्वारा किया जा रहा है। इन लाईनों की निर्माण प्रक्रिया जारी है तथा इसे सितम्बर 2014 तक पूरा कर विद्युत उपकेन्द्र चालू कर दिया जायेगा।

श्री प्रेम रंजन पटेल: अध्यक्ष महोदय,तीन सब स्टेशन का पीरीबाजार, कजरा और चानन की स्वीकृति 2007 में हुई थी केवल एक जो है चानन का अभी तक निर्माण हुआ है पिछली बार जब हम इसी विधान-सभा में प्रश्न को लाये थे तो माननीय मंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि जून तक उपकेन्द्र को चालू कर दिया जायेगा और अब माननीय मंत्री जी का जवाब हो रहा है कि दिसम्बर तक चालू करेंगे, दूसरा कजरा का जो है उसका काम अधूरा है,पीरी बाजार का काम भी प्रारम्भ नहीं हुआ है,7 वर्षों के अन्दर में तीन उपकेन्द्र का पूरा होना और अभी तक काम भी प्रारम्भ नहीं होना माननीय मंत्री जी से मैं जानना चाहता हूँ कि मननपुर का जब ये कह रहे हैं कि दिसम्बर तक चालू करेंगे जो आपका आश्वासन जो जून का आश्वासन था तो कजरा और पीरी बाजार का आप कबतक चालू करवायेंगे?

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव(मंत्री):जो प्रश्न से सन्हित है उसी का उत्तर हमारे पास उपलब्ध है अलग जो सबस्टेशन का कह रहे हैं वो अलग से प्रश्न होगा तो बात कर लेंगे, पूछकर के बतला देंगे, क्या दिक्कते हुई, ये तो जो संबंध था वो मैंने कहा कि काम पूरा कर लिया गया है केवल 11 हजार तार को जोड़ना है,जो काम हो रहा है।

श्री प्रेम रंजन पटेल: अध्यक्ष महोदय,एक ही साथ तीनों उपकेन्द्र की स्वीकृति हुई थी उसके निर्माण के लिए लेकिन मननपुर का केवल काम पूरा हुआ है और दूसरा का पीरी बाजार का काम का शुरूआत भी नहीं हुआ है, ये मंत्री जी को बतलाना चाहिए

कि तीनों की स्वीकृति जब एक साथ हुई है तो वो तीनों का काम कबतक पूरा करेंगे उसको चालू कर देंगे।

अध्यक्ष: प्रेम रंजन जी,आपकी सूचना को माननीय मंत्री ने आपकी भावना के अनुरूप ग्रहण कर लिया। अब आगे इस पर कार्रवाई करेंगे, सितम्बर तक कहा है उन्होंने ।

श्री प्रेम रंजन पटेल: अध्यक्ष महोदय,मैंने कहा कि इसका आश्वासन जून तक पहले भी चालू करने का था, जुलाई महीना चल रहा है, अब सितम्बर महीना कह रहे हैं मंत्री जी आगे भी इसी प्रकार का आश्वासन चलता रहेगा क्या और समय बढ़ता जायेगा? इसी आश्वासन पर 7 वर्ष बीत गया तो आगे कितने दिनों के अन्दर तीनों उपकेन्द्र को चालू करायेंगे माननीय मंत्री जी?

अध्यक्ष: सात वर्ष बीत गया तो उसको घ्यान में रखिये।

श्री प्रेम रंजन पटेल: हम माननीय मंत्री जी से जानना चाहेंगे कि कबतक तीनों को चालू करवा देंगे।

अध्यक्ष: बैठिये। माननीय मंत्री ने ले लिया है संज्ञान में।

तारांकित प्रश्न संख्या- 1053

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव(मंत्री):1- स्वीकारात्मक है।

2- अरवल जिला के करपी प्रखंड के रामपुरचाय पंचायत के पांचुविगहा,हैदरगंज,मोलाबिगहा,पिढ़हो,भगवानपुर,प्रयागविगहा,धराना वाला विगहा,गोपी विगहा वेड़वाना आदि ग्रामों का विद्युतीकरण राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के 12वीं योजना के तहत किया जाना है जिसके लिए निविदा की प्रक्रिया चल रही है।

श्री चितरंजन कुमार: अध्यक्ष महोदय,आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मैं जानना चाहता हूँ कि कितने दिनों में टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर के कितने दिनों के अन्दर में वो बचे हुए गांव में विद्युतीकरण कराना चाहते हैं।

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव(मंत्री):मैंने कहा कि निविदा की प्रक्रिया दो महीने में निष्पादित कर के काम प्रारम्भ कर दिया जायेगा।